बौद्ध धर्म- संस्थापक महात्मा बुद्ध

महात्मा बुद्ध-

जन्म - 563 ई॰पू॰ कपिलवस्तु (लुम्बिनी)
पिता - शुद्धोधन (कपिलवस्तु के शाक्य गण के मुखिया)
माता - महामाया (रामग्राम के कोलिय गण से सम्बन्धित)
↳ मृत्यु - बुद्ध के जन्म के 7वें दिन

पालन पोषण - मौसी प्रजापति गौतमी
शादी - 16 वर्ष की अवस्था मे यशोधरा से (शाक्य गण की थी)
पुत्र - राहुल (एक और बंधन)

⇒ शहर भ्रमण के दौरान देखे गए दृश्य-
1- वृद्ध व्यक्ति
2- रोगी
3- एक शव
4- सन्यासी

⇒ अन्तिम दृश्य को देखकर मन सन्यास की ओर प्रवृत्त हुआ और 29 वर्ष की अवस्था मे गृह त्याग दिया।

⇒ बौद्ध साहित्य मे गृह त्याग की घटना - **महाभिनिष्क्रमण**

गृहत्याग के पश्चात- सर्वप्रथम मुलाकात - गुरु आलार कालाम (वैशाली के)
तत्पश्चात - राजगृह के "रूद्रक रामपुत्र"

⇒ गया मे निरंजना (फल्गू) नदी के किनारे पंचवर्गीय ब्राह्मण भिक्षु के साथ तपस्या पीपल के वृक्ष के नीचे 6 वर्ष की।

⇒ सुजाता द्वारा दिए गए खीर को खाकर तपस्या भंग की।

फिर समाधि - 49वें दिन ज्ञान की प्राप्ति। और बुद्ध कहलाए।
गया - बोधगया
वृक्ष - बोधिवृक्ष (शैवकंशीय कट्टर शासक शशांक ने कटवा दिया)

जन्म, ज्ञान और मृत्यु का दिन - वैशाख पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा)

∘ प्रथम शिष्य - गया मे ही तपस्सु एवं मल्लिक (शूद्र बंजारे)

⇒ इसके बाद सारनाथ गए, पंचवर्गीय ब्राह्मण भिक्षु को प्रथम उपदेश दिया इस घटना को धर्मचक्रपरिवर्तन कहते है।

⇒ बौद्ध संघ की स्थापना - सारनाथ मे

⇒ आनंद के कहने पर संघ मे प्रवेश पाने वाली प्रथम महिला - प्रजापति गौतमी (वैशाली मे)

वर्षावास- प्रथम - सारनाथ
सर्वाधिक - कोशल महाजनपद की राजधानी - श्रावस्ती मे (25 वर्ष)

निजी परिचारक - आनंद

चत्वारि आर्य सत्यानि-
दुख है
दुख का कारण है - कर्म कारण सिद्धान्त (प्रतीत्यसमुत्पाद)
दुख को रोका जा सकता है
दुख को रोकने के उपाय हैं। (अष्टांगिक मार्ग बताया गया है)

KD Job Updates

बौद्ध धर्म के अन्तर्गत त्रिरत्न - प्रज्ञा, शील, समाधि
अन्य त्रिरत्न - बुद्ध, संघ, धम्म

- महात्मा बुद्ध ने क्षणिकवाद का सिद्धान्त दिया था।
- महात्मा बुद्ध ने वेदों के अपौरुषेयता का खण्डन किया गया था

प्रिय शिष्य-

शासक - बिम्बिसार, प्रसेनजीत, अजातशत्रु, उदयन (कौशाम्बी) ↑ शासन काल मे बुद्ध कौशाम्बी आ...

राजकीय महिलाए - क्षेमा (बिम्बिसार की पत्नी), मल्लिका (प्रसेनजीत की...

निजी परिचारक - आनन्द
राज्य कर्ता - सुनीति, वस्सकार
चिकित्सक - जीवक
गणिका - आम्रपाली
कर्मकार - चुंद (सुनार/लोहार)
डाकू - अंगुलिमाल

जन्म - 563 ई० पू०
शादी - 16 वर्ष की अवस्था मे
गृहत्याग - 29 वर्ष की अवस्था मे
ज्ञान प्राप्ति - 35 वर्ष की अवस्था
मृत्यु - 483 ई० पू० 80 वर्ष

महात्मा बुद्ध के जीवन से जुड़ी घटनाए एवं प्रतीक:-

माता के गर्भ मे आना - हाथी
जन्म - कमल का फूल
यौवन - सांड़
गृह त्याग - घोड़ा
ज्ञान प्राप्ति - पीपल का वृक्ष
निर्वाण (मोक्ष) - पद चिन्ह
प्रथम उपदेश - चक्र → धर्मचक्र परिवर्तन
महा परिनिर्वाण - स्तूप

महापरिनिर्वाण
↓
तृष्णा रुपी अग्नि का शा...

महात्मा बुद्ध के जीवन से जुड़े आठ महत्वपूर्ण स्थल-

1- लुम्बिनी - जन्म (शाल वृक्ष के नीचे) → नेपाल की तराई मे उ० प्र० के बस्ती जिले के पिपरहवा
2- सारनाथ - प्रथम उपदेश (ऋषि पत्तन के मृग दाव उद्यान मे)
3- राजगीर - प्रथम बौद्ध संगीति
4- वैशाली - द्वितीय बौद्ध संगीति, आम्रपाली का आवास
5- कुशीनगर - देवरिया जिले का कसिया गाँव (मृत्यु स्थान) - महापरिनिर्वा... मल्ल राज्य
6- बोध गया - ज्ञान की प्राप्ति
7- श्रावस्ती - सर्वाधिक - अनुयायी, वर्षावास, उपदेश
8- संकाश्य/संकिसा - स्वर्ग से महात्मा बुद्ध यही अवतरित हुए थे।

महात्मा बुद्ध के जीवन मे पहली बार -

पहला गुरु - आलार कलाम (वैशाली)
शिष्य - तपस्सु और भल्लिक (शूद्र बंजारे)
उपदेश - सारनाथ मे पंचवर्गीय ब्राह्मण भिक्षु को
पहली भिक्षुणी - महाप्रजापति गौतमी, इसके बाद नन्दा यशोधरा

⇒ महात्मा बुद्ध द्वारा शिक्षित किया जाने वाला अन्तिम व्यक्ति - सुभद्र

KD Job Updates

बौद्ध संगीतियाँ-

बौद्ध संगीति	आयोजन वर्ष	अध्यक्ष	समकालीन शासक	आयोजन स्थल	परिणाम
प्रथम	483 ई॰पू॰	महाकस्सप	अजातशत्रु (हर्यंक वंशीय)	राजगृह (सप्तपर्णी गुफा)	दो पिटकों का संकलन- 1- सुत्त पिटक 2- विनय पिटक
द्वितीय	383 ई॰पू॰	साबकमीर या सर्वकामी	कालाशोक	वैशाली	प्रथम विभाजन 1- स्थविरवाद 2- महासांघिक
तृतीय	283 ई॰पू॰	मोग्गलिपुत्त तिस्स	अशोक	पाटलिपुत्र	तृतीय पिटक अभिधम्म पिटक का संकलन
चतुर्थ	प्रथम शताब्दी	वसुमित्र	कनिष्क	कुण्डलवन कश्मीर	विभाजन 1- हीन यान 2- महायान

⇒ हीन यान शाखा की पढ़ाई- बल्लभी विश्वविद्यालय (गुजरात)

⇒ महायान शाखा की पढ़ाई - नालंदा विश्वविद्यालय (स्थापना- कुमार गुप्त)

पुस्तकालय - धर्मगंज → रत्नसागर, रत्नदधि, रत्नरंजक

नालंदा विवि का विनाश- कुतुबुद्दीन बख्तियार खिलजी

शून्य वाद के प्रवर्तक - (आइन्स्टीन आफ इंडिया) → नागार्जुन

पुस्तक → प्रज्ञापारमिता सूत्र, माध्यमिककारिका

विज्ञान वाद के प्रवर्तक - मैत्रेयनाथ

वज्रयान - सातवीं शताब्दी ई॰ में अस्तित्व में आयी।

विशेष रूप से पढ़ाई - विक्रमशिला विश्वविद्यालय

स्थापना - धर्मपाल

⇒ पाल वंश ऐसा अन्तिम वंश था जिसने बौद्ध धर्म को संरक्षण प्रदान किया।

विनय पिटक - जीवन के नियम

KD Job Updates

जैन धर्म- प्रा० जैन धर्म का इतिहास - भगवती सूत्र, कल्पसूत्र

जैन 'जिन' शब्द से निकला है जिसका तात्पर्य होता है - विजेता

⇒ महावीर के पहले जैन धर्म को - निर्ग्रन्थ या निगण्ठ
↳ तात्पर्य - जिसने समस्त सांसारिक बंधनों से अपना नाता तोड़ दिया हो।

⇒ बौद्ध साहित्यो मे महावीर को, 'निगण्ठनाथ पुत्त' या 'निर्ग्रन्थिशाली पुत्र' कहकर पुकारा गया है।

⇒ जैन साहित्य को 'आगम' कहा जाता है)

तीर्थंकर- कुल - 24

प्रथम - ऋषभ देव (आदिनाथ) ⇒ इनका मन्दिर माउण्ट आबू के समीप दिलवाड़ा मे भीम प्रथम के मंत्री विमल द्वारा बनवाया गया।

(मन्दिर को आदिशाही का मन्दिर या विमलशाही का मन्दिर कहा जाता है)

ऋषभ देव की मृत्यु - अष्टापद कैलाश पर्वत

ऋषभ देव का प्रतीक चिन्ह - **वृषभ**

19वें तीर्थंकर - **मल्लिनाथ** - प्रतीक चिन्ह - कलश
↳ (स्त्री / पुरुष इस बात पर सन्देह है)
↓ श्वेतांबर ↓ दिगंबर

22वें तीर्थंकर - **अरिष्टनेमि** या नेमिनाथ (महाभारत काल के थे) ⇒ प्रतीक - हाथी

जैन साहित्य उत्तराध्ययन सूत्र ⇒ इनको कृष्ण के समकालीन / सम्बंधी मानते है)

पार्श्वनाथ- 23वें और **प्रथम ऐतिहासिक** तीर्थंकर
जन्म - काशी नरेश अश्वसेन के यहाँ
माता - रानी वामा
पत्नी - प्रभावती } → प्रथम अनुयायी
प्रतीक चिन्ह - **सर्प**

⇒ भिक्षुओं को श्वेत वस्त्र पहनने का आदेश दिया

⇒ पारसनाथ (बिहार) के **'सम्मेद शिखर'** पर ज्ञान की प्राप्ति

⇒ पंच महाव्रतो मे चार का प्रतिपादन इनके द्वारा ही किया गया
1- अहिंसा 2- अमृषा/सत्य 3- अचौर्य/अस्तेय 4- अपरिग्रह

पाँचवा महाव्रत '**ब्रह्मचर्य**' महावीर स्वामी द्वारा जोड़ा गया।

महावीर- 24वें व **अन्तिम** तीर्थंकर, जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक
जन्म - 540 ई०पू० वैशाली के कुण्डग्राम मे
पिता - सिद्धार्थ (वज्जि महाजनपद के ज्ञातृक गण के मुखिया)
माता - त्रिशला (वैशाली के लिच्छवी नरेश चेटक की बहन)
पत्नी - यशोदा,
पुत्री - अनोज्जा प्रियदर्शना
दामाद - जमालि → महावीर के प्रथम शिष्य

KD Job Updates

⇒ बड़े भाई नन्दिवर्धन से आज्ञा लेकर 30 वर्ष की आयु में गृहत्याग किया
⇒ 12 वर्ष की कठोर तपस्या के बाद अंग देश मे ऋजुपालिका नदी या ऋजुबालिया नदी के किनारे शाल वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति। (आचारांगसूत्र)
⇒ ज्ञान प्राप्ति के बाद 'जिन' या विजेता कहलाए।
⇒ प्रथम उपदेश - राजगृह के राजकुमार की (मेघकुमार) की - वितुलाचल पर्वत पर
⇒ प्रचार प्रसार की भाषा - अर्धमागधी / प्राकृत

NOTE - गौतम बुद्ध के धर्म प्रचार की भाषा - पालि थी।

गण एवं गणधर - विचारों का प्रचार-प्रसार करने के लिए महावीर ने 11 गणों की नियुक्ति की।

गणधर → गण का प्रधान

⇒ दो (इन्द्रभूति, आचार्य सुधर्मन) को छोड़कर सबकी मृत्यु महावीर के जीवन काल में ही हो गयी।

महावीर की मृत्यु - 72 वर्ष की अवस्था में - पावा में (468 ई० पू०)
मल्ल राजा (शास्तिपाल के दरबार में)

श्रवणबेलगोला की बाहुबली मूर्ति - 70 फिट ऊँची
मैसूर के गंग वंश के राजा राजमल के मंत्री चामुण्डराय द्वारा
इसे 'गोमतेश्वर की मूर्ति' कहा जाता है।

जैन संगीति :-

संगीति	आयोजनस्थल	आयोजनवर्ष	अध्यक्ष	शासक	परिणाम
प्रथम	पाटलिपुत्र (कुसुमपुर)	300 ई० पू० के आस पास	स्थूलभद्र	चन्द्रगुप्त मौर्य	श्वेतांबर और दिगंबर में विभाजित
द्वितीय	बल्लभी	512 ई०	देवार्धिगण क्षमाश्रमण	ध्रुवसेन प्रथम	अनेक उपांग साहित्यों की रचना

⇒ श्वेतांबर का नेतृत्व - स्थूल भद्र → (तेरापंथी, थेरापंथी, तारणपंथी)
दिगंबर का नेतृत्व - भद्र बाहु → (मुजेरा, ढढ़िया थेरापंथी) ↔ उपसम्प्रदाय

⇒ जैन धर्म की सबसे प्राचीन शिक्षा - चौदह पूर्व मानी जाती है जिसे स्थूल भद्र ने भद्र बाहु से सीखा था।

⇒ जैन धर्म के पांच ज्ञान - मति, श्रुति, अवधि, मनः पर्याय

जैन धर्म के सिद्धान्त -
स्यादवाद / अनेकान्तवाद

KD Job Updates

वैष्णव धर्म एवं शैव धर्म-

विष्णु का सर्वप्रथम उल्लेख- ऋग्वेद

⇒ वैष्णव धर्म को "भागवद् धर्म" या "पांचरात्र धर्म" भी कहा जाता है।

⇒ भागवद् में कृष्ण की पूजा की जाती है।

↳ प्राचीन उल्लेख- छांदोग्य उपनिषद
इसमें कृष्ण को देवकी का पुत्र एवं अंगिरस का शिष्य बताया गया है।

⇒ कृष्ण की भगवान के रूप में पूजे जाने की जानकारी- "पाणिनी कृत अष्टाध्यायी से"
इस ग्रन्थ में वासुदेव के पूजकों को वासुदेव पूजक कहकर पुकारा गया है।

⇒ भागवद् धर्म की पहली जानकारी- हेलियोडोरस का बेसनगर का गरुण स्तम्भ अभिलेख
भक्ति के 9 रूपों की चर्चा

⇒ हेलियोडोरस तक्षशिला के "यूक्रेटाइडीज" वंशीय यूनानी शासक "एण्टीयाल्कीड्स" का दूत बनकर विदिशा शासक भागभद्र के दरबार में आया था।

⇒ तोषा नामक महिला ने मथुरा के पास मोरा नामक गाँव के एक कुए की दीवार पर अभिलेख खुदवाया था जिसमें "पंचवृष्णि वीरों" का उल्लेख है।

पंचवृष्णि वीर- संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, साम्ब, वासुदेव

⇒ भागवद् धर्म में चक्रव्यूह की अवधारणा विकसित हुई।

गुप्त काल में वैष्णव धर्म- चरमोत्कर्ष पर

गुप्त वंशीय अधिकांश शासक - भागवत धर्मानुयायी थे।
उपाधि - परम भागवत

गुप्त कालीन शासकों का राजकीय चिन्ह - गरुड़

⇒ गुप्त काल में विष्णु के अवतारवाद की अवधारणा काफी प्रसिद्ध हुई

⇒ विष्णु के 10 अवतार माने जाते है।

ऋग्वेद

⇒ गुप्त काल में सर्वाधिक लोकप्रिय - वराह

⇒ बुद्ध को 9 वाँ अवतार माना जाता है।

⇒ 10वाँ कल्कि के रूप में होना बाकी है।

कल्कि का प्रतीक चिन्ह - मैत्रेय

वराह → सागर से पृथ्वी का उद्धार करते हुए

मत्स्य	परशुराम
कूर्म	राम
वराह	कृष्ण
नरसिंह	बुद्ध
वामन	कल्कि

विष्णु के 10 अवतार

KD Job Updates

अलवार संत :- वैष्णव धर्म के अनुयायी थे।

⇒ दक्षिण भारत में पल्लवों के शासन काल में
⇒ अलवार संत पंडित या आचार्य न होकर "भक्त" होते थे
⇒ अलवार संतों की संख्या - 12
प्रसिद्ध - अंडाल, नाम्मालवर, कुलशेखर
↓ ↓
महिला केरल के शासक
(दक्षिण भारत की मीरा)

शैव धर्म- (शिव से संबंधित)
इस धर्म के उदय होने की जानकारी - चौथी शताब्दी में ई० पू० में मेगस्थनीज के ग्रंथ 'इंडिका' से

→ इस ग्रन्थ में डायनोसिस (शिव), हेराक्लीज (कृष्ण) नामक दो भारतीय देवताओं का वर्णन मिलता है।

शैव धर्म के रूप - पाणिनी के अष्टाध्यायी के अनुसार - 4
1- शैव 2- पाशुपत 3- कापालिक 4- कालामुख

→ सबसे प्रसिद्ध - पाशुपत सम्प्रदाय → (सबसे प्राचीन भी)
↓
प्रवर्तक लकुलीश थे।
लकुलीश को शिव का अट्ठाइसवाँ अवतार माना जाता है।
कापालिकों ईष्ट देव - भैरव

नयनार संत :- पल्लवों के ही शासन काल में शैव धर्म के अन्तर्गत
कुल - 63
प्रसिद्ध - अप्पार, सुंदरमूर्ति, मणिक्कवाचगर तथा संबंदर
↓ ↳ उपाधि - ज्ञानसंबंदर
पल्लव नरेश
महेन्द्र वर्मन के समकालीन
मणिक्कवाचगर ने "तिरुवांशागम्" नामक प्रसिद्ध पुस्तक की रचना की।

सूर्य मन्दिर- तेरहवीं शताब्दी में - ~~उड़ीसा के सूर्य का कोणार्क~~
उड़ीसा के कोणार्क मन्दिर → गंगवशीय शासक नरसिंह के शासन काल में
⇒ वर्षा के कारण काला हो जाने से इसे "ब्लैक पैगोडा" कहा जाता है।

कश्मीर में - श्रीनगर में - कार्कोट वंशीय शासक ललितादित्य मुक्तापीड़ मार्तंड के सूर्य मन्दिर का निर्माण करवाया।

KD Job Updates

मौर्यकाल -

इतिहास की जानकारी के श्रोत -

मेगस्थनीज कृत इंडिका - मेगस्थनीज- सेल्यूकस निकेटर का दूत

→ भारत में कभी अकाल नहीं पड़ता।
→ भारतीय लेखन कला से अपरिचित हैं।
→ भारतीय दो महत्वपूर्ण देवता हेराक्लिज (कृष्ण) और डायोनीसियस (शिव) की पूजा करते हैं।
→ मार्ग निर्माण के विशिष्ट अधिकारियों को "एग्रोनोमोई" कहा है
→ नगर प्रशासन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को 'एस्टिनोमोई' कहा है।
का विस्तृत वर्णन

कौटिल्य कृत अर्थशास्त्र - कौटिल्य / चाणक्य का मूल नाम - विष्णुगुप्त (भारत का मैकियावेली)

→ इससे "मौर्यकालीन प्रशासन" की पूर्ण जानकारी मिलती है।
→ इसमें राज्य के सप्तांग सिद्धांत विचारधारा का उल्लेख हुआ है। (स्वामी, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, दंड तथा मित्र)
→ शासक के 'प्रबुद्ध निरंकुशतावाद' की बात की है।
→ इस पुस्तक में गुप्तचर प्रथा पर काफी बल दिया गया है।

विशाखदत्त कृत मुद्रा राक्षस :-

→ इस बात की जानकारी मिलती है कि किस प्रकार चन्द्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य के साथ मिलकर धनानंद की हत्या की।
→ संस्कृत भाषा में रचित प्रथम जासूसी ग्रन्थ

पुराण :-

→ पुराणों का अन्तिम संकलन गुप्त में हुआ।
→ मौर्य वंश के ऐतिहासिक वंशावलियों की जानकारी मिलती है कि मौर्य वंशीय शासकों ने 137 वर्षों तक शासन किया।
→ पुराण में विष्णु पुराण इस काल की जानकारी देते हैं।

दीपवंश और महावंश :-

→ इस "श्रीलंकाई या सिंहली ग्रन्थ" से इस बात की जानकारी मिलती है कि अशोक ने राजगद्दी प्राप्त करने से पूर्व अपने 99 भाईयों की हत्या की थी।

KD Job Updates

पुरातात्विक साक्ष्य:-

उत्तरी काली पॉलिशदार मृदभांड - सर्वप्रथम प्रयोग - बौद्ध युग मे
बड़े पैमाने पर - मौर्य काल मे

आहत मुद्रा - भारत की सात प्राचीन मुद्रा → (पंचमार्क्ड सिक्के)
सर्वप्रथम प्रयोग - बौद्ध युग (5वीं शताब्दी ई० पू०)
बड़े पैमाने पर - मौर्य काल मे
मौर्य कालीन चाँदी की आहत मुद्रा - "पण" या कार्षापण
ताँबे की आहत मुद्रा - "माषक" या काकणी

अभिलेख:-

चन्द्रगुप्त मौर्य के अभिलेख -

"सोहगौरा अभिलेख" (गोरखपुर जिला, उ० प्र०)
"महास्थान अभिलेख" (बोगरा जिला, बंग्लादेश)
} अकाल की परिस्थितयों मे मौर्य प्रशासन के कार्य के बारे मे जानकारी

रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख -

(शक वंश का सबसे महान शासक)

→ जूनागढ़ / गिरनार (काठियावाड़, गुजरात)
→ "संस्कृत भाषा" मे जारी किया जाने वाला प्रथम अभिलेख

→ इस अभिलेख से सुदर्शन झील की जानकारी मिलती है।

→ सुदर्शन झील का पुनर्निर्माण - निर्माण - चन्द्र गुप्त मौर्य के अधिकारी "पुष्य गुप्त वैश्य"

अशोक — यवनराज तुषास्फ *
रुद्रदामन - सुविशाख *
स्कन्दगुप्त - चक्रपालित *

अशोक के अभिलेख:-

→ सर्वप्रथम फिरोजशाह तुगलक ने मेरठ (उ० प्र०) और टोपरा (अम्बाला हरि०) से प्राप्त किया।

→ सर्वप्रथम अशोक के अभिलेख को पढ़ने वाला - "जेम्स प्रिंसेप"
इसने "ब्राह्मी लिपि" मे खुदे दिल्ली टोपरा के अभिलेख को पढ़ा था।

→ अशोक के अभिलेख चार लिपियो मे - ब्राह्मी, खरोष्ठी, ग्रीक, अरामेईक

** ब्राह्मी लिपि → बाए से दाए } लिखी जाती है।
अनुराधापुर खरोष्ठी लिपि → दाए से बाए }

KD Job Updates

→ खरोष्ठी लिपि मे - मानसेहरा (हजारा जिला पाकिस्तान)
शाहबाजगढ़ी (पेशावर, पाकिस्तान)

→ ग्रीक तथा अरामेइक मे - कंधार के लघु शिला लेख

→ गोमुत्रिका या बास्त्रोफेदन शैली मे - येरगुड़ी (कुर्नूल (आन्ध्र))

→ अपने शासन काल के,

8 वें वर्ष - कलिंग का युद्ध (261ई०पू०)
13 वे वर्ष - धम्म महापात्र की नियुक्ति (256ई०पू०)
14 वें वर्ष - कनक मुनि (नेपाल) के स्तूप को दो गुना करने का आदेश
20 वें वर्ष - रूम्मिनदेई (लुम्बिनी) की यात्रा
↓
यहाँ पर धार्मिक कर को समाप्त कर दिया

वृहद शिलालेख एवं उनके विषय - प्रयुक्त भाषा - प्राकृत

प्रथम - जीव हिंसा निषेध (तीन प्राणियो को छोड़कर)
दो मोर एक हिरन } संदेव दिखनहीं
दो पक्षी एक पशु }
बाद मे ये तीनो नही मारे जाएगे।

द्वितीय - पड़ोसी राज्यो की सूची

तृतीय - प्रादेशिक, रज्जुक द्वारा पाँच पाँच वर्ष पर क्षेत्र दौरा
उज्जैन और तक्षशिला तीन-तीन वर्ष मे

पाचवें - 13वे वर्ष धम्म महापात्र की नियुक्ति

छठे - राज्य की गति विधियो

तेरहवे - कलिंग युद्ध, आवटिक जातियों को कड़ी चेतावनी
अपने समकालीन पाँच विदेशी राज्यो की जानकारी

12वाँ
↓
(धार्मिक सहिष्णुता के प्रति)

तुरमय -	मिस्र के शासक टालमी द्वितीय फिलाडेल्फस
अंतेकिन -	मेसाडोनिया का शासक एंटिगोनस गोनाटस
मगस -	सीरिन का मगल
अलिकसुन्दर -	एपिरस का अलेक्जेन्डर
अंतियोक -	सीरिया का शासक एंटियोकस द्वितीय थियोस

कुछ महत्व पूर्ण शिलालेख -

मास्की (कर्नाटक के रायचूर जिले मे) } → देवनाम प्रियम
गुर्जरा (मध्य प्रदेश के दतिया जिले मे) } → प्रियदर्शी

(इन दोनो अभिलेख से "नाम की" जानकारी)

कंधार :- द्विभाषी (ग्रिक + अरामेइक)
पशुवध के खिलाफ

KD Job Updates

भाब्रु - म०प्र० व राजस्थान की सीमा पर स्थित (जयपुर मे)
→ मगधं के शासक होने की स्पष्ट जानकारी
→ नाम - प्रियदर्शी राजा मागधे
इसमे बौद्ध धर्म का निचोड़ है।

स्तम्भ शिलालेख :- सभी प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि मे
→ रुम्मिन देई तथा निग्लियासागर से प्राप्त स्तंभाभिलेख को स्मारकीय स्तम्भाभिलेख कहा जाता है।
→ साची, सारनाथ तथा कौशाम्बी से प्राप्त आभिलेख को - संघभेद अभिलेख

सारनाथ का सिंह अभिलेख :-

→ मौर्य मूर्तियो मे सबसे विख्यात और प्रशंसित
→ इसकी चौकी पर चार पहिए या धर्मचक्र के प्रतीक है उनके बीच मे हाथी, बैल, अश्व और सिंह है।
→ चौकी की पीठ पर चार सजीव सिंह चारो दिशा मे मुंह किए हुए
→ इन स्तम्भों मे सिंहो के ऊपर एक बौद्ध चिन्ह "धर्मचक्र" बना हुआ है जिसमे बत्तीस तीलिया लगी है।

अशोक एवं दशरथ के गुहाभिलेख :-

अशोक - बराबर की पहाड़ी पर → चार गुफा – कर्णचौपार, सुदामा, विश्वझोपड़ी, लोमेश ऋषि

दशरथ - नागार्जुन की पहाड़ी पर
तीन – 1- गोपी
2- बहियक
3- बड़ीथिका

→ दोनो पहाड़ी बोध गया मे आमने-सामने है।
→ दोनो ने अपनी गुफा "आजीवको" को भेंट मे प्रदान कर दी

आजीवक मत का संस्थापक - "मक्खलि गोशाल"
सिद्धान्त - नियतिवाद
"कर्म के सिद्धान्त की अवहेलना करते थे"।

कौशाम्बी –	घोषिताराम मठ
कुशीनगर -	रामाभर स्तूप
सारनाथ –	धर्मेख अभिलेख
श्रावस्ती –	सहेत - महेत

→ पत्थर पर प्राचीनतम शिलालेख - प्राकृत भाषा मे
→ ब्राह्मी लिपि का प्रथम उद्वाचन - पत्थर की पट्टियों पर

KD Job Updates

मौर्यकालीन शासक-

मौर्य कौन थे - तीन मत प्रतिपादित किए गए हैं-
प्रथम- स्पूनर महोदय - मौर्यों को पारसीक बताया है।
द्वितीय- ब्राह्मण साहित्य - शूद्र
तृतीय - बौद्ध एवं जैन साहित्य - क्षत्रिय
⇒ मुद्रा राक्षस मे भी मौर्यों को (वृषल) निम्न कुल का बताया गया है।

चन्द्रगुप्त मौर्य:- (322-298 ई०पू०)

यूनानी लेखक → जस्टिन ने "सैण्ड्रोकोट्टस" } कहा है।
प्लूटार्क ने - "एण्ड्रोकोट्टस" }

→ सर्वप्रथम 'विलियम जोन्स' ने इन नामों का समीकरण चन्द्रगुप्त मौर्य के साथ स्थापित किया है।
→ चन्द्रगुप्त मौर्य को "मुक्तिदाता" कहा गया है।
→ इसके शासन काल मे 305 ई० पू० मे सेल्युकस निकेटर का भारत पर आक्रमण
दोनों के बीच हुई संधि का परिणाम -
1- मेगस्थनीज नामक दूत चन्द्रगुप्त के दरबार मे भेजा
2- अपनी पुत्री हेलेना की शादी चन्द्रगुप्त मौर्य से (प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय विवा
3- सेल्युकस को 500 हाथी प्रदान किए गए।

चन्द्रगुप्त मौर्य का धर्म- दिगम्बर जैन का अनुयायी राजधानी-पाटलिपु

→ प्रथम जैन संगीति का पाटलिपुत्र मे आयोजन
→ मृत्यु- कर्नाटक के "श्रवणबेलगोला" (हासन जिला कर्नाटक) मे स्थित चन्द्रगिरि पर्वत पर संल्लेखना की पद्धति से

बिन्दुसार (298-272 ई०पू०) -

यूनानी लेखक स्ट्रैबो ने -"अमित्रोचेडस" कहा है
→ फ्लीट ने इसका सम्बन्ध 'अमित्रघात' से स्थापित किया है।

बिन्दुसार की माता - दुर्धरा
पत्नी - धम्मा / सुभद्रांगी

→ शासन काल मे सीरियाई शासक एँटियोकस प्रथम का दूत बनकर "डायमेकस" भारत आया था।
↳ तीन चीजे मांगी थी
→ सूखी अंजीर
→ शराब
↳ दार्शनिक

→ मिस्र के शासक का दूत - डायनोसियस

→ "आजीवक मत" का अनुयायी था।
→ मुख्य परामर्शदाता- पिंगलवत्साजीव

KD Job Updates

सम्राट अशोक :- (272-232 ई० पू०) → उपाधि :- देवानाम प्रिय प्रियदर्शी

माता – सुभद्रांगी (चम्पा राजवंश की ब्राह्मण कन्या)

→

पत्नी	संतान
असंधिमित्रा	निःसंतान
कारुवाकी	तीवर
पद्मावती	कुणाल
देवी	महेन्द्र और संघमित्रा

(विदिशा के एक व्यापारी की पुत्री)

(सहिष्णुता, उदारता और करुणा के आधार पर राजधर्म की स्थापना)

⇒ अशोक के दो संतान जालौक और चारुमति के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

कलिंग का युद्ध और उसका प्रभाव – (261 ई०पू०) शासनकाल के 8वें वर्ष में

→ कलिंग के शासक खारवेल के हाथी गुफा अभिलेख (उड़ीसा) के अनुसार कलिंग युद्ध के समय वहाँ का शासक नन्द राज था।

→ कल्हण के राजतरंगिणी के अनुसार बौद्ध धर्म को अपनाने के पूर्व शैव धर्म का उपासक था।

→ चचेरे भाई सुमन के पुत्र न्यग्रोध के प्रवचन को सुनकर बौद्ध धर्म की ओर आकर्षित हुआ।

→ बौद्ध धर्म में दीक्षित करने का श्रेय "उपगुप्त को"

बौद्ध धर्म के विकास में योगदान- पाटलिपुत्र में तृतीय बौद्ध संगति का आयोजन

बौद्धधर्म के प्रचार-प्रसार में विभिन्न प्रचारकों को भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भेजा -

श्रीलंका	महेन्द्र व संघमित्रा
नेपाल	स्वयं चारुमति के साथ
कश्मीर	रक्षित
यवन देश	महारक्षित
महाराष्ट्र	महाधर्मरक्षित
सुवर्ण भूमि	सोन एवं उत्तरा

बौद्ध धर्म के प्रचार के समय श्रीलंका का शासक - तिस्स (प्रियदर्शी)

धम्म शब्द - "राहुलोवादसुत्त से"

अशोक के द्वारा बसाए गए नगर -

→ नेपाल में - ललितपाटन
→ कश्मीर में - श्रीनगर (वितस्ता/झेलम नदी के किनारे)

→ नेपाल में पुत्री चारुमति द्वारा अपने पति देवपाल के नाम पर देवपाटन नामक एक नए शहर की स्थापना

KD Job Updates

अशोक के उत्तराधिकारी :-

कुछ ग्रन्थों के अनुसार - कुणाल
विष्णु पुराण के अनुसार - सुयशा

→ कुणाल अन्धा था अतएव उसके स्थान पर सम्प्रति ने शासन किया।
कुणाल के बाद - दशरथ (उपाधि - प्रियदर्शी)

→ मौर्य वंश का अन्तिम शासक "बृहद्रथ" था जिसकी हत्या 185 ई॰पू॰ मे ब्राह्मण मौर्य सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने कर दी और एक नए शुंग वंश की स्थापना की।

मौर्य कालीन सांस्कृतिक गतिविधियाँ -

प्रशासन - जानकारी - अर्थशास्त्र और इण्डिका से

→ अर्थशास्त्र मे शासन के जिस स्वरूप की बात की गई है वह वंशानुगत राजतंत्रीय है।

→ कौटिल्य ने लिखा है कि विशाल साम्राज्य के शासन के लिए परामर्शदात्री संस्था का होना अनिवार्य है।

→ कौटिल्य - शासन का भार मुख्यतः एक विशाल वर्ग पर था।

कुछ महत्वपूर्ण अधिकारी :-

- ✓ समाहर्ता - भू-राजस्व वसूलने वाला
- सन्निधाता - कोषाध्यक्ष
- प्रशास्ता - राजकीय आदेशों को लिपिबद्ध करने वाला
- आंतर्वंशिक - राजा के अंगरक्षक दल का प्रधान
- दौवारिक - राजमहल का प्रधान अधिकारी
- अन्तपाल - सीमावर्ती दुर्गों का प्रधान अधिकारी
- दुर्गपाल - आंतरिक दुर्गों का प्रधान अधिकारी

(यूनानी इन अध्यक्षों को मजिस्ट्रेट कहते थे) → कुछ प्रमुख

- ✓ सीताध्यक्ष - राजकीय कृषि भूमि का प्रधान अधिकारी
- लक्षणाध्यक्ष - टकसाल विभाग का प्रधान
- विविताध्यक्ष - चारागाह का प्रधान अधिकारी
- पौतवाध्यक्ष - माप तौल से सम्बन्धित
- आकराध्यक्ष - खान का अध्यक्ष

→ सबसे बड़ी प्रशासनिक इकाई - प्रान्त → संख्या - 5 थी।

प्रान्त		राजधानी
उत्तरापथ	→	तक्षशिला
दक्षिणापथ	→	सुवर्णगिरि
अवन्ति	→	उज्जयिनी
मध्य प्रदेश / प्राच्य	→	पाटलिपुत्र
कलिंग	→	तोसली

KD Job Updates

→ प्रान्त जिलो मे विभक्त थे जिसे "आहार / विषय" कहा जाता था।
जिले का शासक- स्थानिक

→ मौर्यकालीन शासकों की न्याय व्यवस्था - दो तरह के न्यायालय

१- कंटकशोधक	२- धर्मस्थीय
(फौजदारी)	(दीवानी)
तीन अमात्य	तीन अमात्य
तीन प्रदेष्टा	तीन धर्मस्थ

→ नगर न्यायधीश को व्यवहारिक महामात्र तथा जनपद न्यायधीश को "रज्जुक" कहा जाता था।

→ दो प्रकार के गुप्तचर होते थे -
१- संस्था - एक ही स्थान पर टिककर गुप्तचरी करते थे
२- संचार - भ्रमण शील गुप्त चर

सामाजिक जीवन :-

→ वर्ण और वर्णाश्रम व्यवस्था पूर्णतः विकसित हो चुकी थी।
→ कौटिल्य के अनुसार वर्ण व्यवस्था ही सामाजिक संगठन का आधार है।
→ ब्राह्मणो को राज्य के तरफ से कर मुक्त भूमि दान मे दी जाती थी। जिसे ब्रह्मदेय कहा जाता है।

→ कौटिल्य ने १८ वर्णसंकर जातियों का उल्लेख किया है जो अनुलोम व प्रतिलोम विवाह के परिणाम स्वरूप उत्पन्न हुई।
"अनुलोम विवाह"- उच्च वर्ण का पुरुष निम्न वर्ग की महिला
"प्रतिलोम विवाह"- निम्न वर्ण का पुरुष उच्च वर्ण की महिला

कुछ वर्णसंकर जातियाँ-

पिता	माता	वर्णसंकर जाति
ब्राह्मण	वैश्य	अम्बष्ठ
ब्राह्मण	शूद्र	निषाद, पौल्कस
क्षत्रिय	शूद्र	उग्र
शूद्र	ब्राह्मण	चाण्डाल (सबसे निकृष्ट)

→ मेगस्थनीज भारतीय समाज को "सात" भागों मे बाटा है-
(दार्शनिक, किसान, अहीर, कारीगर, सैनिक, निरीक्षक, सभासद)

स्त्रियो की स्थिति :- विधवाओ के पुनर्विवाह होते थे
→ सती प्रथा का उल्लेख कही नही मिलता

✓ रूपाजीवा - स्वतन्त्र रूप से जीवन यापन करने वाली
✓ वेशालरूपादासी - ग्राहको के मनोरंजन का कार्य करती थी।

→ इस काल मे स्त्रियों की स्थिति की बहुत खराब नही थी

प्रवहण - एक प्रकार का सामाजिक समारोह जिसमे स्नान-पान की व्यवस्था

KD Job Updates

आर्थिक जीवन :- व्यापारियों के काफिले को "सार्थवाह" कहा जाता था।

वार्ता → कृषि + पशुपालन + वाणिज्य
↓
(जीविका का साधन)

↳ बिना वर्षा के खेती
→ अच्छी भूमि को "अदेवमातृक" कहा जाता है।
→ मैगस्थनीज ने किसानों को सामाजिक वर्गीकरण मे दूसरा स्थान दिया है।

मौर्यकालीन आय के स्रोत :-

दुर्ग - विभिन्न नगरो से होने वाली विभिन्न आय
राष्ट्र - जनपदों से होने वाली आय

राजकीय भूमि से (सीता) | गैरराजकीय भूमि से (भाग)

उदक भाग - पानी की सुविधाओं के बदले वसूल किया जाता था
प्रणय कर - आपातकालीन कर
सेतु - फलों के उद्यान, औषधि से प्राप्त आय
ब्रज - पशुओं से होने वाली आय

→ चाणक्य के अनुसार भू-स्वामी को क्षेत्रक तथा काश्तकार को उपवास कहा जाता है।

→ कुछ अन्य कर -

परिहीणक - भूमि पर हानि के बदले लिया जाने वाला कर
पार्श्व - व्यापारियों से लिया जाने वाला कर
पिण्डकर - गाँवो से वसूल किया जाता था
निष्क्राम्य - आयात व निर्यात कर

→ अनाज के रूप मे लिया जाने वाला कर - मेय
नगद प्राप्त होने वाली आय - हिरण्य

व्यापारिक मार्ग- सर्वाधिक प्रसिद्ध मार्ग- उत्तरापथ
प्रारम्भ - पुष्कलावती से ताम्रलिप्त बन्दरगाह तक
इसी मार्ग को ग्राड ट्रंक रोड कहा जाता है।

मौर्यकालीन मूर्तिकला :- → धौली के हाथी की तुलना मे साँची और सारनाथ के सिंहों की शैली आडम्बर पूर्ण है।

→ यक्ष-यक्षिणयों की मूर्तियां प्रसिद्ध है।
सबसे प्रसिद्ध चामर ग्राहणी की मूर्ति

KD Job Updates

मौर्योत्तर काल :-

→ शुंग वंश की स्थापना के साथ मौर्योत्तर काल का इतिहास प्रारम्भ हो जाता है।

→ इस काल की सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना - विदेशियों का भारत पर आक्रमण

विदेशी आक्रमणों के क्रम - यूनानी, शक, पहलव, कुषाण

हिन्द यूनानी - (बैक्ट्रियाई ग्रीक)

→ सर्वप्रथम "डिमेट्रियस" का आक्रमण हुआ। इसने साकल (स्यालकोट) को अपनी राजधानी बनाई।

मिनान्डर या मिलिन्द - (बौद्ध साहित्यों में राजा मिलिंद)

→ भारत आने के बाद "बौद्ध धर्म" स्वीकार किया। और प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान नागसेन के साथ प्रश्नोत्तर शैली में वाद-विवाद

→ इसका संकलन - पाली बौद्ध साहित्य - "मिलिंद पञ्हो"

हेलियोडोरस :-

→ एक अन्य वंश "यूक्रेटाइडीज वंश" के शासकों का आक्रमण हुआ।
राजधानी - तक्षशिला

→ इसी यूक्रेटाइडीज वंश का शक्तिशाली शासक एंटियालकीड्स था। इसी का दूत बनकर हेलियोडोरस भारत आया था।

→ हेलियोडोरस विदिशा के शुंगवंशीय राजा "भागभद्र" के दरबार में आया था

बेसनगर अभिलेख - भारत आने के बाद भागवद धर्म अपनाया और "बेसनगर का गरुड़ स्तम्भ अभिलेख" जारी किया।
(भागवद धर्म की जानकारी देने वाला प्रथम अभिलेख)

शक या सीथियन - (दूसरे विदेशी आक्रमण कारी)

रुद्रदामन - शकों का सबसे महान शासक

जूनागढ़ अभिलेख -
→ संस्कृत भाषा में जारी पहला अभिलेख
→ सुदर्शन झील की जानकारी
→ स्वयंवर प्रथा की जानकारी देने वाला प्रथम अभिलेख

KD Job Updates

पह्लव या पार्थियाई - (तीसरी बाह्य शक्ति)
राजधानी - तक्षशिला

गोण्डोफर्निस:- पह्लवों का सबसे शक्तिशाली शासक

→ उपलब्धियों की जानकारी - "तख्ते बही अभिलेख" (पेशावर, पाकिस्तान) से
↓
गोण्डोफर्निस की - गुदुव्हर

→ सबसे महत्वपूर्ण घटना - प्रथम शताब्दी ई॰पू॰ मे सन्त थामस के नेतृत्व मे ईसाई मिशनरी का सर्वप्रथम दल भारत आया

कुषाण या कुईशांग :- (अन्तिम विदेशी कारी आक्रमणकारी)

→ मध्य एशियाई 'यूची नामक' जाति से सम्बन्ध रखते थे।

शासक - कुजुल कडफिसस :- कुषाण वंश का संस्थापक
उपाधि - राजा बांग

→ कुजुल कडफिसस की केवल 'तांबे' की मुद्राए मिलती है जिस पर यूनानी व खरोष्ठी लिपि मे लेख उत्कीर्ण हैं।

→ यह संभवतः बौद्ध धर्मावलम्बी था।

विम कडफिसस:-

→ सर्वप्रथम कुषाणों ने भारत मे अपने "राज्य की स्थापना" इसी के नेतृत्व मे किया।

→ "सोने" व तांबे की मुद्राए चलायी, जिस पर शिव नन्दी और त्रिशूल अंकित है

→ शैव मतानुयायी था।

कनिष्क:- कुषाण वंश का सबसे महान शासक

→ चीन के साथ दो युद्ध किया। और मध्य एशिया से गुजरने वाले रेशम मार्ग पर (सिल्क रूट) पर अपना नियंत्रण स्थापित किया

→ दो राजधानी बनाई - पेशावर (पुरुषपुर) मथुरा

→ बौद्ध धर्म को महान संरक्षण दिया। इसे दूसरा अशोक भी कहा जाता है

→ चौथी चतुर्थ बौद्ध संगीति < हीनयान / महायान मे बौद्ध धर्म विभाजित

→ महायान शाखा के अन्तर्गत ही महात्मा बुद्ध की मूर्तियां बनाई गई।

KD Job Updates

→ कनिष्क के सिक्कों पर बुद्ध का अंकन हुआ है।

संरक्षित विद्वान :- अश्वघोष, वसुमित्र, नागार्जुन, चरक, पार्श्व

→ पार्श्व के कहने पर कनिष्क ने चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन किया था।

→ अश्वघोष को "भारत का मिल्टन" कहा जाता है।
↓ रचना
- → बुद्धचरित
- → सौन्दरानंद
- → सारिपुत्र प्रकरण → "संस्कृत भाषा मे लिखा जाने वाला प्रथम नाटक ग्रन्थ

→ "चरक" प्रसिद्ध चिकित्साशास्त्री थे जिन्होंने चरक संहिता की रचना की।

→ नागार्जुन - "भारत का आइन्सटाइन" - भारत मे सापेक्षतावाद का सिद्धान्त दिया।
↓
रचना - 1- प्रज्ञापारमिता सूत्र
2- माध्यमिक कारिका

→ वसुमित्र ने "विभाषशास्त्र" नामक ग्रन्थ की रचना की।
↳ बौद्ध धर्म का विश्वकोष

शक संवत :- कनिष्क ने 78 ई० मे नया संवत 'शक सम्वत' चलाया।

→ इसे "22 मार्च 1957 को" भारत मे राष्ट्रीय सम्वत के रूप मे स्वीकार किया गया

→ विक्रम संवत - "57 ई० पू०" से प्रारम्भ हुआ।

शुंग वंश :- संस्थापक- मौर्य सेनापति - "पुष्यमित्र शुंग"

→ इसी के शासन काल मे यूनानीयों का भारत पर आक्रमण। पुष्यमित्र के पौत्र वसुमित्र की सेना ने हिन्द यूनानियों को पराजित किया।

→ पुष्य मित्र शुंग ने - दो अश्वमेध, एक राजसूय } यज्ञ करवाया।

पुरोहित - पतंजलि
↳ महाभाष्य (टीका) की रचना की है।

➔ उल्लेखनीय है "वाकाटक नरेश प्रवरसेन प्रथम" ने चार अश्वमेध यज्ञ करवाए थे।

→ पुष्यमित्र शुंग को बौद्ध साहित्यों मे कट्टर बौद्ध विरोधी बताया गया है।

KD Job Updates

संस्थापक-सिमुक **आन्ध्र सातवाहन वंश :-** (दक्कन क्षेत्र में)

→ महाराष्ट्र का सात प्रथम राजवंश। मौर्योत्तर काल में इस वंश का सर्वाधिक लम्बा काल रहा।

सातकर्णी प्रथम:- राजधानी - "प्रतिष्ठान या पैठान"

→ इसने "दो अश्वमेध" यज्ञ तथा एक राजसूय यज्ञ करवाया।
→ दक्षिण भारत में सातवाहनों के प्रभुसत्ता की स्थापना की।
→ अपनी पत्नी "नायनिका" के नाम पर रजत सिक्के जारी किए।

हाल:- शान्तिप्रिय एवं विद्वान शासक

→ प्राकृत भाषा में एक प्रसिद्ध पुस्तक "गाथासप्तशती" की रचना की।

गौतमीपुत्र सातकर्णी:- सातवाहन वंश का 'सबसे प्रसिद्ध' शासक

→ शास्त्रों का ज्ञाता था तथा ब्राह्मण धर्म का प्रकांड परिपोषक था।
→ वर्णव्यवस्था की पुनः स्थापना करने का प्रयास किया और वर्णसंकरता को रोका।
→ उसे द्विज और अवर (हीन जातियों) कुटुंबों का वहन करने वाला बताया गया है।

सातवाहनों की राजकीय भाषा - प्राकृत
समाज - मातृसत्तात्मक

→ सातवाहनों ने "शीशे और पोटीन" के सिक्के चलाए।
→ इन्हीं के शासन काल में मूर्ति निर्माण की "अमरावती कला शैली" का विकास हुआ।
→ अमरावती के प्रसिद्ध स्तूप का निर्माण भी इन्हीं के काल में
मुख्य विशेषता - सफेद संगमरमर से निर्मित है।
→ भूमि अनुदान के प्राचीनतम अभिलेखीय साक्ष्य सातवाहन काल से ही सम्बंधित है।

KD Job Updates

खारवेल - कलिंग शासक :-

→ अशोक की मृत्यु के बाद कलिंग स्वतन्त्र हो गया और वहां एक नए वंश का उदय हुआ जिसे "चेदि वंश" या "महामेघ वाहन वंश" कहते है।

प्रसिद्ध शासक - खारवेल

हाथीगुफा अभिलेख :- खारवेल के द्वारा राज्य काल के 13वें वर्ष

→ भुवनेश्वर के समीप खंड उदयगिरि पर्वत पर हाथी गुफा के दीवार पर

→ मूलत: "ब्राह्मी लिपि" तथा "प्राकृत भाषा" मे

→ समुद्र गुप्त के प्रयाग प्रशस्ति से मिलता जुलता

→ खारवेल को 'शांति एवं समृद्धि का सम्राट' कहा जाता है।

→ जीवन के अन्तिम समय जैन धर्म स्वीकार किया।

मौर्योत्तर कालीन कला :-

→ मौर्योत्तर काल मे जिस कला का विकास हुआ उसे दो भागों मे बांटा जा सकता है - 1- वास्तुकला
2- मूर्तिकला

वास्तुकला :- → आवासीय संरचना के अवशेष
→ धार्मिक इमारत

→ आवासीय संरचनाओं की संख्या काफी कम है क्योंकि यह काष्ठ निर्मित होती थी।

→ धार्मिक इमारतों के बारे मे ज्यादा जानकारी प्राप्त होती है-
- नागार्जुन कोण्डा का मन्दिर
- बेस नगर मन्दिर
- भैरन कोण्ड का गुहा मन्दिर

अन्य धार्मिक इमारतें :-

स्तूप - सर्वप्रथम चर्चा - ऋग्वेद मे → अग्नि से उठती हुयी ज्वालाओ के लिए

→ स्तूप का निर्माण ईंटो को चिनकर किया जाता है।

→ बौद्ध साहित्य मे - भस्मावशेषों के ऊपर निर्मित समाधि

सांची का स्तूप :- अशोक ने निर्मित करवाया था

→ "सांची की पहाड़ी पर" कई अन्य चैत्य होने के कारण इसका अन्य नाम 'चैत्य गिरि' था।

→ एक अन्य प्राचीन नाम - काकनादबोत

स्तूप-3
गौतम बुद्ध के प्रमुख शिष्य सारिपुत्र व मौदगल्यायन के अस्थि अवशेष रखे है।

KD Job Updates

भरहुत का स्तूप :- निर्माण शुंग काल में 'सतना' में

→ भरहुत की वेदिका की मूर्तिकला बौद्ध धर्म के हीनयान शाखा से सम्बन्धित

अमरावती का स्तूप :-

→ सातवाहन वंश के शासन काल में गुण्टूर जिला (आन्ध्र प्रदेश) में [illegible] प्रसिद्ध स्तूपों का निर्माण भट्टी प्रोलू, अमरावती और नागार्जुनि कोण्ड में किया गया।

→ अमरावती का महास्तूप आन्ध्र प्रदेश के गुण्टूर जिले में कृष्णा नदी के दाएं तट पर स्थित था।

→ सबसे महत्वपूर्ण विशेषता - "संगमरमर का बना होना"

चैत्य :- बौद्ध संघ का पूजा गृह (बौद्ध धर्म का देवालय)

विहार :- भिक्षुओं का आराम गृह

मूर्तिकला :- मूर्ति निर्माण की तीन कला शैली का विकास हुआ
1- गांधार मूर्ति कला शैली
2- मथुरा कला शैली
3- अमरावती कला शैली

गांधार मूर्ति कला शैली :- उद्भव प्रथम शताब्दी में 'हिन्द यूनानियों' द्वारा

→ वास्तविक विकास कुषाणों के संरक्षण में हुआ

→ इस कला के नमूने प्राप्त हुए है - जलालाबाद, बिमरन, बेग्राम, तक्षशिला बामियान

→ इस कला में मूर्तियों के निर्माण के लिए मुख्यत: "नीले-भूरे रंग के" परतदार चट्टानों का प्रयोग किया गया है। साथ ही काले स्लेटी पत्थर मिट्टी व चूने मसाले का प्रयोग हुआ है।

विशेषता :- इस कला शैली को 'इण्डो ग्रीक' या 'ग्रेको रोमन' या इण्डोहेलेनिक के नाम से भी पुकारा जाता है।

→ इस कला की विषयवस्तु जहाँ बौद्ध धर्म से सम्बन्धित है वही निर्माण की शैली यूनानी व रोमन थी।

→ इस कला की सबसे खास विशेषता - "मानव शरीर का यथार्थ अंकन या निरूपण"

→ बुद्ध की मूँछ युक्त करना गंधार कला की विशेषता है।

KD Job Updates

→ बुद्ध के सिर के पीछे बना पुंज गांधार शैली की देन है।
→ नारी मूर्तियों का आभाव है।

मथुरा कला शैली :-

→ धब्बेदार या चित्तीदार लाल बलुआ पत्थरों का उपयोग हुआ है
→ सबसे महत्व पूर्ण विशेषता सर्वतोमुखी होना है।
→ गांधार कला शैली मे बुद्ध मूर्तिया 'पद्मासन' अथवा 'कमलासन' पर है जबकि मथुरा कला शैली मे बुद्ध सिंहासनासीन है। तथा पैरो के समीप सिंह की आकृति है।
→ इस कला शैली की मूर्तियो मे मुख पर आभामंडल एवं प्रभामंडल है।
→ मथुरा कला शैली के अन्तर्गत जिस धर्म से सम्बन्धित मूर्ति का सर्वप्रथम निर्माण हुआ वह जैन धर्म था।

अमरावती कला शैली :-

उद्भव - दूसरी शताब्दी
विकास - तीसरी शताब्दी

→ मुख्य रूप से इसे 'सातवाहनों' का संरक्षण प्राप्त था।
→ इस कला का प्रसार क्षेत्र - आधुनिक महाराष्ट्र, नागार्जुन कोण्ड अमरावती
→ इन मूर्तियों के लिए मुख्यतः 'उजले संगमरमर' का प्रयोग हुआ है।
→ अमरावती के स्तूप के चार शेरों का मूर्ति विशेष रूप से उल्लेखनीय है।
